भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-434
बुधवार, 16 सितम्बर, 2020/25 भाद्रपद, 1942 (शक)

असंगठित क्षेत्र में बरोज़गारी दर

434 श्री तिरुची शिवाः

क्या श्रम और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) मार्च, अप्रैल, मई, जून, जुलाई, अगस्त 2020 के महीनों के लिए बेरोज़गारी दर कितनी है;
(ख) कोविड-19 के कारण असंगठित क्षेत्र में नौकरी गंवाने वाले कामगारों की अनुमानित संख्या कितनी है; और
(ग) असंगठित क्षेत्र और संगठित क्षेत्र के कार्यबल का अनुमानित प्रतिशत कितना है, जिन्होंने कोविड-19 के कारण अपनी नौकरियाँ गंवाई है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री संतोष कुमार गंगवार)

(क से ग): रोजगार-बेरोजगारी पर आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ), सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय द्वारा आयोजित किया जाता है। पीएलएफएस 2018-19 के अनुसार, ऐसे सर्वेक्षण के आधार पर देश में सभी आयु के व्यक्तियों के लिए सामान्य स्थिति (प्रमुख स्थिति+सहायक स्थिति) आधार पर उपलब्ध सीमा तक अनुमानित बेरोजगारी दर 5.8%थी। इसके अलावा, कोरोना वायरस (कोविड-19) के वैश्विक फैलाव और फिर लगने वाले लॉकडाउन ने भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित किया है। कोविड-19 के परिणामस्वरूप बड़ी संख्या में प्रवासी कामगार अपने मूल निवास स्थानों पर वापस जा रहे हैं।

*****